ಮಾನವಸಂಪನ್ಮೂಲವಿಭಾಗ/मानव संसाधन अनुभाग/**HUMAN RESOURCES SECTION**

ಭಾರತೀಯವಿಜ್ಞಾನಸಂಸ್ಥೆ/भारतीय विज्ञान संस्थान/**INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE**

ಬೆಂಗಳೂರು/बेंगलूर/ **BANGALORE – 560012**

ದೂರವಾಣಿ/दूरभाष/ **TELEPHONE : 2293 2493**

ಇ-ಮೇಲ್/**E-mail/**ईमेल : recruitment.council@iisc.ac.in

# <u>विज्ञापन सं.R(HR)308-2023 दिनांक 28/10/2023</u>

भारतीय विज्ञान संस्थान, भारत सरकार द्वारा, विज्ञान एवं अभियंत्रण के क्षेत्र में, एक प्रमुख केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षा और अनुसंधान तकनीकी संस्थान है जिसने राष्ट्र में प्रमुख योगदान की एक शताब्दी पूरी की है । संस्थान की जेआरडी टाटा स्मारक पुस्तकालय, संस्थान में शुरू किए गए पहले तीन विभागों में से एक है । इसे भारत में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक और तकनीकी पुस्तकालयों में से एक माना जाता है। मुख्य पुस्तकालय के अलावा संस्थान अन्य में विभागीय पुस्तकालय भी हैं। पुस्तकालय का प्राथमिक उद्देश्य संस्थान के वर्तमान और प्रत्याशित शैक्षिक और अनुसंधान कार्यों के अनुरूप, सूचना तक भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक पहुँच प्रदान करके संस्थान के शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रमों का सहायता प्रदान करना है । इस उद्देश्य से, संस्थान पुस्तकालय अध्यक्ष के पद सीधी या 5 साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर भरे जाने वाली भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है |

| **क्र. सं.** | **पद** | **पुस्तकालय अध्यक्ष**<br>(01 पद – अनारक्षित) |
|---|---|---|
| **1** | **वेतन संरचना** | **ग्रुप – 'ए' स्तर 14 (₹1,44,200- ₹2,18,200**) |
| **2** | **सावधि भर्ती/** | **<u>सीधी भर्ती पर:</u>**<br>दो वर्ष की परिवीक्षा के साथ सेवानिवृत्ति की आयु तक अर्थात **62** वर्ष तक।<br><br>**<u>प्रतिनियुक्ति पर:</u>**<br>**62** वर्ष की अधिकतम आयु के अधीन, कार्यकाल **5** वर्ष तक या मूल विभाग में सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने तक**,** जो भी पहले हो \|<br><br>**<u>अनुबंध पर:</u>**<br>**5** वर्ष की अवधि के लिए या **62** वर्ष की आयु प्राप्त करने तक**,** जो भी पहले हो या भारत सरकार द्वारा, इस संबंध में यथासमय जारी आदेशों द्वारा निर्धारित किया जाए । संविदा पर नियुक्ति एक वर्ष की परिवीक्षा के साथ होती है। |
| **3** | **आवश्यक अर्हताएँ** | पुस्तकालय विज्ञान/सूचना विज्ञान/दस्तावेज़ीकरण/अभिलेखागार और पाँडुलिपि रखरखाव में पीएचडी की डिग्री।<br><br>पुस्तकालय विज्ञान/सूचना विज्ञान/प्रलेखन में लगातार अच्छे अकादमिक रिकॉर्ड के साथ, कम से कम 55% अंकों या इसके समकक्ष ग्रेड के साथ मास्टर डिग्री \| |
| **4** | **वाँछनीय अर्हताएँ** | सूचना भंडारण, प्रसार और नेटवर्क पहुंच के लिए आधुनिक तकनीक और प्रथाओं का अनुभव।<br>भविष्य के पुस्तकालयों को किस प्रकार आकार दिया जाएगा उससे परिचय । |

| | | |
|---|---|---|
| **5** | **कार्यानुभव** | **<u>सीधी भर्ती / अनुबंध हेतु</u>**<br><br>1. सरकारी/अर्ध-सरकारी/पीएसयू/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय महत्व के शैक्षिक संस्थान/अनुसंधान एवं विकास संस्थान में डिप्टी लाइब्रेरियन के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव, जिसमें 9000/- रुपये के ग्रेड वेतन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव हो।<br>अथवा<br>पुस्तकालय विज्ञान में सहायक/सह प्राध्यापक के रूप में 10 वर्ष का अध्यापन<br>अथवा<br>विदेश में विश्वविद्यालयों सहित पुस्तकालयाध्यक्ष/पुस्तकालय विभाग के प्रमुख के रूप में 10 वर्ष का अनुभव<br><br>2. पुस्तकालय में आईसीटी के एकीकरण सहित नवीन पुस्तकालय सेवा और प्रकाशित कार्य के संगठन का साक्ष्य<br><br>**<u>प्रतिनियुक्ति हेतु:</u>**<br>केंद्र/राज्य सरकारों या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान या विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान या लोक सेवा उपक्रम के अधिकारी<br>क) समान पद धारण करना, और/य अथवा<br>ख) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव होना |
| **6** | **कार्य विवरण** | पुस्तकालय अध्यक्ष से पुस्तकालय के प्रभारी होने के अलावा, सीनेट के सदस्य के रूप में, शैक्षणिक कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत करने और संस्थान के अनुसंधान विद्वानों और छात्रों के लाभ के लिए पुस्तकालय की सुविधाओं के अधिकतम उपयोग की योजना बनाने की अपेक्षा की जाती है। पुस्तकालय अध्यक्ष के अन्य कर्तव्यों में शामिल हैं: पुस्तकालय प्रशासन और प्रबंधन, कार्मिक मामले, पुस्तकालय-बजट, तकनीकी सेवाएँ, नेटवर्क आधारित सूचना सेवाओं का विकास, खोज सेवाएँ और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में विकास के अनुरूप पुस्तकालय सेवाओं को बेहतर बनाने में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग। जेआरडी टाटा स्मारक पुस्तकालय की पूर्व-प्रतिष्ठित स्थिति को बनाए रखने और उसमें सुधार करने के लिए नेटवर्क सहयोग और नए नवाचार तंत्र को बढ़ावा देना । |
| **7** | **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आयु** | 55 वर्ष |

**<u>नियम और शर्तें:</u>**

1. शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थी अर्थात आर्थोपेडिक रूप से विकलांग/लोकोमोटर विकलांगता/सेरेब्रल पाल्सी के साथ एक पैर प्रभावित (दायां या बायां) (ओएल) या एक हाथ प्रभावित (दायां या बायां) (ओए) या एक पैर/एक हाथ प्रभावित (दायां या बायां), कम दृष्टि (एलवी) और श्रवण बाधित विकलांगता वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।
2. संस्थान पर, भारत सरकार के लागू मानदंडों के अनुसार विकलांग व्यक्तियों और पूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट लागू है।
3. सीधी भर्ती के लिए परिवीक्षा दो वर्ष की अवधि के लिए है और संविदा नियुक्ति के लिए परिवीक्षा एक वर्ष की अवधि के लिए है।

4. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
5. अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा । किसी भी दृष्टि से अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । इस संबंध में किसी भी अन्य पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा । भौतिक आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.
6. ऑनलाइन आवेदन में भरे गए सभी विवरण अंतिम माने जाएँगे और उसके बाद किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी और पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए इसे ध्यान में रखा जाएगा । अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और दृश्यमान हों।
7. जिन अभ्यर्थियों ने अलग-अलग वेतनमान वाले पीएसयू/स्वायत्त निकायों से अनुभव प्रमाण-पत्र जमा किया है, उन्हें अपने अनुभव पर विचार करने के लिए अनिवार्य रूप से समकक्षता प्रमाण-पत्र जमा करना चाहिए । अन्यथा, अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. अनुभव(अनुभवों) के समर्थन में प्रमाणपत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। यह नियोक्ता संगठन के लेटर हेड पर जारी होने की तिथि के साथ जारी होनी चाहिए ।
9. जिन अभ्यर्थियों को स्नातक/परास्नातक डिग्री के संबंध में सीजीपीए/जीपीए प्रणाली के तहत ग्रेडेशन प्रदान किया गया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे सीजीपीए/जीपीए को उचित प्रतिशत में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त अंकों का सही प्रतिशत प्रस्तुत करें । दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान इसका प्रमाण (विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी पत्र) प्रस्तुत किया जाएगा।
10. निर्धारित अर्हताएँ और अनुभव न्यूनतम आवश्यकताएँ हैं और मात्र इन अर्हताओं को प्राप्त कर लेने के कारण अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का अधिकारी नहीं होगा । संस्थान न्यूनतम निर्धारित योग्यताओं से अधिक योग्यता और/या अनुभव के आधार पर साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या को तर्कसंगत संख्या तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. पद पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा । यद्यपि, आवश्यक होने पर संस्थान लिखित परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
12. सभी अभ्यर्थियों को वर्तमान नियोक्ता (जहाँ लागू हो) से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करनी चाहिए और ऑनलाइन अपलोड करना चाहिए । यद्यपि, बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के आवेदन पर भी विचार किया जाएगा, बशर्ते अभ्यर्थी विधिवत हस्ताक्षरित शपथ पत्र अपलोड करे कि साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा कर दी जाएगी |
13. प्रतिनियुक्ति की शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, के का.ज्ञा.सं.61812009-स्था. (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 एवं तदर्थ यथासमय जारी अन्य आदेशों के अनुसार होंगी ।
14. आवेदन अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा किए बिना, समय रहते ही जमा किए जाने चाहिए ।
15. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कॉल लेटर केवल चयनित अभ्यर्थियों को मेल द्वारा भेजे जाएँगे | अभ्यर्थियों को अपनी पंजीकृत ई-मेल आईडी को बार-बार जाँचना आवश्यक है । जिन आवेदकों का चयन नहीं किया गया है/साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है, उनके साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।
16. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । संस्थान किसी भी प्रशासनिक कारण से किसी भी स्तर पर विज्ञापन/भर्ती को रद्द करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।
17. संस्थान ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । बाहरी स्थान से साक्षात्कार के लिए बुलाए गए के अभ्यर्थियों को, टिकट जमा करने पर, लघुतम मार्ग से, ड्यूटी/निवास स्थान से बेंगलुरु तक एवं वापस जाने का रेलवे किराया (सेकंड एसी) का भुगतान किया जाएगा।
18. सेवा की अवधि के दौरान, प्रत्येक कर्मचारी योजना, विनियम और उपनियम (एसआरबी), प्रशासनिक नियमावली, अन्य वैधानिक दस्तावेज, सीसीएस (आचरण) नियम और सीसीएस (सीसीए) नियम आदि का पालन करेगा ।
19. चयनित अभ्यर्थी वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजपत्र अधिसूचना F.No.5/7/2003-ECB & PR दिनांक 22 दिसंबर 2003 के माध्यम से अधिसूचित नई अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत आवृत होगा; यद्यपि, वैसा अभ्यर्थी, जो केंद्रीय सरकार या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किसी स्वायत्त निकाय की सेवा में 31.12.2003 को

या उससे पहले (दिनांक 29.08.1984 के का.ज्ञा. के परिच्छेद 4 में निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए) प्रवेश करते हैं और जो केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 द्वारा शासित थे, यदि ऐसा अभ्यर्थी प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी का.ज्ञा. सं.28/10/84-पीयू दिनांक 29.08.1984 के प्रावधानों के अंतर्गत 01.01.2004 को या उसके बाद तकनीकी इस्तीफा प्रस्तुत करता है, तो वह सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के प्रावधानों द्वारा शासित होते रहेंगे ।

20. संस्थान, सेवा के दौरान, किसी भी समय, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत पूर्ववृत्त या दस्तावेजों को सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज सही नहीं हैं, तो उसकी सेवाएँ समाप्त कर दी जाएँगी और अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाएगी।
21. परिणाम प्रकाशित करने से पहले आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र में भरे गए विवरण को विधिवत सत्यापित किया जाएगा । यदि अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गए विवरण के लिए प्रामाणिक प्रमाण प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जाएगा ।
22. चयन प्रक्रिया के संबंध में कोई भी विवाद बेंगलुरु क्षेत्राधिकार वाले माननीय न्यायालय/न्यायाधिकरण के अधीन होगा।
23. अधिसूचना के अंग्रेजी और अन्य भाषा संस्करणों के बीच व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण में दिए गए निर्देश अंतिम होंगे|
24. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए भर्ती पोर्टल 28/10/2023 से 26/11/2023 तक खुला रहेगा।

इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित लिंक पर सहायक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों के साथ 26/11/2023 या उससे पहले पर ऑनलाइन आवेदन करें: http://recruitment.iisc.ac.in/NonTeaching/

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक:** http://recruitment.iisc.ac.in/NonTeaching/

**कुलसचिव**